# Bihar Board Class 6 Hindi Solutions Chapter 20 पहेलियाँ

प्रश्न-अभ्यास

प्रश्न 1.
पहेलियों का संकलन कर अपनी कक्षा में सुनाइए।
उत्तर:
छात्र स्वयं करें।

1. आग लगे मेरे ही बल से,
हर इन्सान के आती काम।
दिन में पौधे मुझे बनाते,
अब बतलाओ मेरा नाम ।।
उत्तर:
ऑक्सीजन

2. एक फूल काले रंग का, सबके सिर सहाय।
तेज धूप में खिला रहे, छाया देख मुरझाये ।।
उत्तर:
छाता

3. एक सौंग की ऐसी गाय,
जितना दो उतना ही खाय ।
खाते-खाते गाना गाय,
पेट नहीं उसका भर पाय ।।
उत्तर:
चकरी (जाँता)

4. एक पहेली मैं कहूँ,
तू सुन ले मेरे पूत।
बिन परों वह उड़ गई,
बाँध गले में सूत ।।
उत्तर:
पतंग

5. नदी हूँ पर पानी नहीं,
सड़क हूँ पर गाड़ी नहीं।
भूमि हूँ पर फसल नहीं,
बस्ती (गाँव) हूँ पर घर नहीं ।।
उत्तर:
मानचित्र (नक्शा)


https://www.evidyarthi.in/

6. ऐसा लिखिए शब्द बनाय ।
फूल, फल, मिठाई बन जाय ।।
उत्तर:
गुलाब जामुन

7. ऊँट की बैठक,
हिरण की चाल ।
वह कौन-सा जानवर,
जिसके दुम न बाल ॥
उत्तर:
मेढ़क ।

evidyarthi